**खबर संक्षेप**

### उन्नत कृषि तकनीक से अवगत कराने क्लस्टरवार होंगी कृषक चौपाल

**मंडला** –इस वर्ष मौसम विभाग द्वारा 15 जून तक मानसून आने की संभावना व्यक्त की गई है। ऐसी स्थिति में किसानों को खरीफ पूर्व उन्नत कृषि तकनीकि एवं मार्गदर्शन देकर उनको आवश्यक आदान सामग्रियों की व्यवस्था आदि विषयों पर विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाना प्रस्तावित है। कृषक संगोष्ठी सह चौपाल का आयोजन क्लस्टरवार किया जाएगा। जारी निर्देश के अनुसार 25 मई को मंडला विकासखंड के कुटैली एवं नैनपुर के बिनौरी में कृषक संगोष्ठी सह चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 27 मई को मवई के अंजनी एवं नारायणगंज के बीजेगांव, 28 मई को बीजाडांडी के विजयपुर एवं मोहगांव के कुमर्रा, 29 मई को मंडला के कुड़ोपानी एवं घुघरी के सलवाह, 30 मई को निवास के सिंगपुर एवं नारायणगंज के बबलिया तथा 31 मई 2024 को बिछिया के उमवाड़ा में कृषक संगोष्ठी सह चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

### ग्रीष्म ऋतु में धूप की तपन लू से रहें सावधान

**मंडला** –वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु के दौरान बढ़ती धूप की तपन, लू से सावधानी एवं शरीर को मौसमी बीमारी से बचाव हेतु आमजन को कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना आवश्यक है। घर से बाहर निकलने से पहले भरपेट पानी अवश्य पियें, धूप में जाते समय सूती कपडे.पहनें और सिर और कान को सूती कपडे.से ढक्कर रखें। धूप में घूमने वाले व्यक्ति नमक शक्करयुक्त कोई तरल पदार्थ या ओ.आर.एस. घोल का अधिक सेवन करें। नीबूपानी, केरी का पना, शिकंजी या मठा अधिक से अधिक पिएं, भरपेट भोजन करके ही बाहर निकलें, हमेशा ताजा भोजन, फल और सब्जियाँ खायें। यथासंभव धूप में अधिक न निकलें।धूप में खाली पेट न निकलें शरीर में पानी की कमी न होने दें, बुखार में शरीर का तापमान न बढ़ने दें, ठंडे पानी की पट्टी रखें, कूलर या कंडीशनर से धूप में एकदम न निकलें,मिर्च मसालेयुक्त भोजन न करें, बासी भोजन न खायें। व्यक्ति को छायादार जगह में लेटाएं, ढीले कपडे.पहनें, पेय पदार्थ जीवन रक्षक घोल ओ.आर.एस., कच्चे आम का पना पिलायें एवं ताप घटाने के लिये व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखें एवं नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार लें।

### बाईपास पर ट्रक की चपेट पर आए व्यक्तियों की हुई मौत

**सिवनी।** जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर छपारा बाईपास में आज गुरुवार को हुई सड़क दुर्घटना में ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। सुबह लगभग साढ़े नौ बजे ग्राम बखारी निवासी बब्बू साहू पिता होरी लाल साहू 72 वर्ष की छपारा कलां बायपास क्रासिंग पर ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। छपारा पुलिस द्वारा मृतक के शव का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। साथ ही पंचनामा कार्रवाई के बाद आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर ट्रक को थाना परिसर में लाकर खड़ा कर दिया गया है।

## किसानों ने जिला प्रशासन से की मांग, बोर के लिए किसानों को दी जाए अनुमति

# नलकूप खनन के प्रतिबंध से किसान परेशान

**मण्डला।** जिले में गिरते भू-जल स्तर को देखते हुए कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक निजी व अशासकीय नलकूप खनन पर प्रतिबंधित लगा दिया है। जारी आदेश में मंडला जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित कर जिले के प्रतिबंधित स्थानों में बोरिंग मशीनों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन इस आदेश के कारण जिले के किसानों को अपने खेतों में बोर कराने की भी अनुमति नहीं मिल पा रही है। जिससे किसान काफी परेशान हो रहे है। बारिश शुरू होने के बाद किसानों को बोर कराने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। जिससे किसानों को बारिश के बाद बोर कराने का मौका मिलेगा। किसानों का कहना है कि यदि बोर अभी बारिश के पहले नहीं किया गया तो अगले सीजन में खेतों में फसले लग चुकी होगी, जिसके बाद बोर के लिए मशीन उन किसानों के खेतों तक नहीं पहुंच पाएगी। जिनके खेत अन्य किसानों के खेतों के बाद है। फिलहाल खेत अभी खाली है, जिससे यहीं समय बोर करने के लिए उचित है।

जानकारी अनुसार गर्मी के सीजन में हर क्षेत्र का वाटर लेवल कम हो जाता है। जिसके कारण शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बोर खनन पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है, लेकिन जिले भर में ऐसे कई किसान है, जिनके खेतों में पानी की उपलब्धता ना होने के कारण उन्हें अपनी फसल का अच्छा उत्पादन नहीं मिल पाता है, कारण है कि किसान को अपनी फसल की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिलता। ऐसे किसान बारिश के पानी या अन्य किसानों पर निर्भर रहना पड़ता है। जिससे समय पर पानी फसलों को नहीं मिलने पर ऐसे किसानों को उनकी फसल से अच्छा उत्पादन नहीं मिलता है। बताया गया कि गर्मी की वजह से पानी का लेवल दिन-प्रतिदिन गिरता जा रहा है। जिले के कई ग्रामों में कुंआ, हैंडपंप समेत अन्य जल स्त्रोत सूखते जा रहे है। जिसके कारण इस स्थिति में किसान फसलों की सिंचाई के लिए नहरों समेत अन्य जल स्त्रोत पर निर्भर हैं। वहीं जिले की नहरें भी सभी किसानों का साथ नहीं देती है, जिसकी वजह से अधिकत्तर किसान अपनी फसलों की सिंचाई नहीं कर पाते है। ऐसी ही स्थिति से निपटने के लिए अब किसान अपने खेतों में पानी की पर्याप्त उपलब्धता के लिए बोर कराने का मन बनाए हुए है, लेकिन जिला प्रशासन के आदेश के कारण किसान अपने क्षेत्र में बोर नहीं करा पा रहे है।



**अन्य जिलों में अनुमति :**

किसानों ने बताया कि मंडला जिले में जल स्तर अन्य जिलों की अपेक्षा काफी अच्छे स्तर पर है। यहां बोर कराने पर पानी कम गहराई में ही मिल जाता है, जबकि मंडला जिले के समीपस्थ जिले, बालाघाट, डिंडौरी, सिवनी समेत अन्य जिलों में जल स्तर काफी नीचे है, बावजूद इन जिलों में बोर के लिए अनुमति दी जा रही है, लेकिन मंडला जिले में जिला प्रशासन ने बोर पर प्रतिबंध लगा रखा है। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अन्य जिलों की तरह यहां भी किसानों को अपने क्षेत्र में बोर कराने के लिए प्रतिबंध हटाया जाए। जिससे किसान बोर कराकर आगामी समय के लिए अपने खेतों की फसलों के लिए पानी की व्यवस्था कर सके।

**अनुमति लेने काट रहे चक्कर :**

किसान राजाराम पंद्रो ने बताया कि प्रशासन ने बोर खनन पर रोक लगा दी है। इसके बाद किसी भी किसान समेत अन्य लोगों को नए बोर खनन की अनुमति नहीं दी जा रही है। जिले के ऐसे किसान जिनके खेतों में फसलों के लिए पानी की उपलब्ध नहीं हो पाता है और ये किसान मौसम पर निर्भर रहकर खेती करते है। ऐसे किसानों ने इस बार अपने खेतों में बोरिंग कराने का मन बनाया, लेकिन इस वर्ष किसानों के लिए भी बोर कराने जिला प्रशासन ने प्रतिबंध लगा दिया है। किसान खेतों में बोर कराने के लिए जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के चक्कर काट रहे है। किसानों ने बोर के लिए आवेदन भी दे चुके है, लेकिन इनके आवेदनों पर संबधित अधिकारियों द्वारा प्रतिक्रिया नहीं दी जा रही है।

**पिछले वर्ष मिली अनुमति, इस वर्ष प्रतिबंध :**

किसानों ने बताया कि पिछले वर्ष गर्मी के सीजन में भी किसानों को खेत में बोर कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अनुमति दी जा रही थी। जिसके लिए आवेदन देने के बाद एक दो दिन में ही बोर की अनुमति दे दी जाती थी, लेकिन इस वर्ष मंडला कलेक्टर ने बोर खनन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है। जिससे किसान अपनी फसलों को लेकर काफी परेशान हो रहे है। किसानों का कहना है कि अच्छी व समय पर बारिश ना होने के कारण और खरीफ व रवि सीजन की फसलों को पर्याप्त पानी ना मिलने के कारण फसलें प्रभावित होती है। जिसके कारण फसलों से होने वाली पैदावार और उत्पादन प्रभावित होता है और किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। जिससे किसानों को आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ती है। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि किसानों को अपने खेतों में बोर कराने की अनुमति दी जाए, जिससे किसानों को अपने खेतों की फसलों के लिए पर्याप्त पानी मिल सके।

**इनका कहना है**

हमारी खेती मौसम आधारित हो गई है। इस बार सोचा था कि खेत में बोरिंग करा लेंगे। लेकिन अनुमति नहीं मिल रही है। एसडीएम के आवेदन भी दे चुके हैं। खेतों में बोरिंग के लिए गर्मी का समय अच्छा रहता है।

**राजाराम पंद्रो, किसान, मोहगांव**

आसपास जिले में प्रतिबंध के बाद भी जरूरतमंद किसानो को बोरिंग के लिए अनुमति मिल रही है। जबकि हमारे यहां उन जिलों से जल संकट कम है। मानसून आने में अब समय भी कम बचा है।

**देवेन्द्र उपाध्याय, किसान, मंडला**

# सद्गुरू प्रमोद गुरू बाला पीर साहेब का मनाया प्राकट्य उत्सव



**धूमधाम से कबीरपंथीयों ने निकाली शोभायात्रा**

**मण्डला।** गुरूवार को पंथ श्री हुजूर सद्गुरू प्रमोद गुरू बाला पीर साहेबए नवयुवक युवक मंडल महंतवाड़ा के द्वारा प्राकट्य दिवस मनाया गया। यहां पर गुरू महिला पाठ आयोजन किया गया। इसी के साथ पूनम पाठए सात्विक चौका आरती के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो कि नगर भ्रमण करते हुए महंतवाड़ा पहुंची जहां पर साहेब जी का जागरण कार्यक्रम किया गया। संरक्षक मठाधीश महंत मन्धारी दास साहेब बालापीर धाम महंत बाड़ा नर्मदा तट पर स्थित महंत वाला स्थित प्रमोद गुरु बालापीर नाम साहब की समाधि स्थल से नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए हजारों की संख्या में कबीरपंथी अनुयायियों की विशाल शोभा यात्रा शुक्रवार को निकाली गई। जो बड़ चौराहाए बस स्टैंडए लालीपुर चौकए बंजर चौकए तहसीलए उदय चौक होते महंत वाडा में आकर संध्या कालीन संध्या आरती चौका आरती के साथ संपन्न हुई। नगर में समाजसेवी द्वारा जगह.जगह फल वितरण कर फूल मालाओं से कबीर पंथी संत महंतों का स्वागत किया गया। आयोजक सहयोगी प्रमोदगुरु बाला पीर साहब नवयुवक मंडल से रामदास बैरागी के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडला जिले ही नहीं बल्कि मध्यप्रदेश के अलावे अन्य राज्यों से भी कबीर पंथ अनुयायियों का आगमन प्रकटोत्सव मनाने तीर्थ के रूप में हुआ। सैकड़ों कलश सिर पर लिए महिलाएंए बच्चियां और हाथ में कबीर पंथ का झंडा और ध्वज थामे वर्ग और बच्चे मंगल गीतों के साथ शोभायात्रा में बैंड बाजे और डीजे की धुन पर खूब थिरकते नहीं थके। सभी सोलह वंश गुरुओं के चित्र भी प्रदर्शनी के रूप में शोभा यात्रा में शामिल रहे। महंतवाड़ा मठाधीश महंत मंधारी दास जी गुरु गद्दी रथ पर सवार शोभायात्रा में सभी को आशीर्वाद देते रहे। संपूर्ण भारत देश के कबीर पंथी अनुयायियों के द्वारा आज भी सोलहवें गुरु उदित मुनि नाम साहब के काल तक भी इस आश्रम में सत्य के पंथ कबीर पंथ को बढ़ावा दिया जा रहा है। बैशाख मास की पूर्णिमा को हर साल यह उत्सव मनाया जाता है। इस विशाल आयोजन में महंतवाड़ा आश्रम के मठाधीश महंत मंधारी दास जीए क्षेत्र के समस्त संत महंत दीवानए मनोज बैरागी एवं राम दास बैरागीए एडण धर्मेंद्र धार्याए जेडी पिटनियाए बसोरीदास सोनवानीए राकेश धार्वैयाए रूपेश बैरागीए कविंद्र बैरागीए रवि बघेलए राहुलए गणेश बैरागीए दीपमणी खैरवारए दीपक बैरागीए रोहित बैरागीए दीपमणी खैरवार सहित सैकड़ों की संख्या में नवयुवकों का सहयोग सराहनीय रहा।





# जैव विविधता के प्रमुख अंग होते हैं पक्षी

**मण्डला।** जैव विविधता का प्रमुख अंग पक्षी होते हैं। जैव विविधता के विस्तार में इनका बहुत बड़ा योगदान होता है। आवश्यक है कि हम सभी मिलकर पक्षियों को बचाने में अधिक से अधिक योगदान दें। घर में जल पात्र घर के बाहर, आंगन, पार्क सभी जगह पानी की व्यवस्था बनाएं ताकि हमारे जैव विविधता की अन्य सदस्यों में छोटे-छोटे जीव भी अपने जीवन को बचा सकें। बढ़ता हुआ तापक्रम इस बात का संकेत है की आने वाली परिस्थितियों को हम समझ कर प्रकृति संरक्षण में योगदान देने का समय आ गया है। उक्त विचार एसके सिंह फील्ड डायरेक्टर केटीआर ने अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर व्यक्त किए। कान्हा टाइगर रिजर्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जैव विविधता के संरक्षण में हर व्यक्ति अपना योगदान दें। पत्रिका पक्षी मित्र अभियान से जुड़कर उन्होंने मिट्टी के पात्र में पानी डालकर हिस्सा लिया।



# माध्यमिक शाला में आयोजित की प्रतियोगिता



**मण्डला।** अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर कान्हा नेशनल पार्क के परिझेत्र खापा के अंतर्गत माध्यमिक शाला करेली में वन तथा वन्य प्राणी पर चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को जैव विविधता के महत्व के बारे में अवगत कराया गया।

परिक्षेत्र गढ़ी में छात्र-छात्राओं को जैवविविधता विषय पर जानकारी दी गई। चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। परिक्षेत्र समनापुर में पंडरापानी वनरक्षक नाका में ग्राम वासियों को जैव विविधता दिवस के अवसर पर शपथ दिलाई गई। कार्यालय सहायक संचालक मलाजखंड (बैहर) में ईको विकास समितियों के अध्यक्षों, जनपद पंचायत बैहर एवं बिरसा की जैव विविधता प्रबंधन समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित कर जैव विविधता विषय पर चर्चा की गई।



# पक्षियों की प्यास बुझाने लगाये सकोरे

## वृक्षों, घर की छतों में सकोरे बांधने का चल रहा अभियान

**मण्डला।** भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश जिला संघ मंडला द्वारा सहायक आयुक्त एलएस जगेत, पदेन जिला कमिश्नर स्काउट, डिप्टी कलेक्टर मंडला, जिला अध्यक्ष अजय खोत, जिला मुख्य आयुक्त संजय तिवारी के मार्गदर्शन एवं जिला सचिव दिनेश दुबे के नेतृत्व में जिले के स्काउटर एवं गाइडर द्वारा इस भीषण गर्मी में पक्षियों को पीने के लिए पानी मिल सके इसके लिए मिट्टी के सकोरे वृक्षों एवं छतों में बांधने का अभियान चलाया गया। नगर में विभिन्न स्थानों में सकोरे बांधे गए, इसके साथ ही स्काउटर, गाइडर अपने स्कूल या घर में भी सकोरे लगा रहे हैं। इस कार्य में नागरिकों से भी आह्नान किया गया है कि इस पुण्य कार्य में आगे आयें। इस अभियान में कल्पना नागेश्वर उपाध्यक्ष, केके सोनवानी जिला प्रशिक्षण आयुक्त, महेश प्रसाद सरोते जिला संगठन आयुक्त, लोक सिंह पदम सह सचिव, संजय कुमार सिंगौर पर्यावरण प्रकोष्ठ, कमलेश हरदहा ब्लाक अध्यक्ष, दिलीप मरावी जिला मीडिया प्रभारी, सनातन प्रकाश सैनी सह मीडिया प्रभारी आदि स्काउटर एवं गाइडर उपस्थित रहकर इस भीषण गर्मी में आवश्यक सहयोग प्रदान किए एवं पक्षियों को पेड़ में ही जल पीने को मिल जाए इस हेतु पहल की है।



# गीत प्रस्तुत कर मनाया गया जैव विविधता दिवस का कार्यक्रम

**मण्डला।** अंजनिया ग्राम में जैव विविधता संरक्षण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रेरणादायी बैनर, पर्यावरण, के अलावा साहित्य से जुड़े रोचक तथ्यों के बारे में छात्र-छात्राओं को अनुभूति की सैर कराई गई। जिसमें बढ़-चढ़कर नागरिकों और बच्चों नें भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में आनंदम क्लब अंजनिया के रोहिणी प्रसाद शुक्ल के द्वारा स्वरचित पुस्तक तुलसी का विरवा आदि नामक जिसमें फूलों के पौधे के अलावा उस पुस्तके में वृक्ष वर्णन पक्षियों के नाम दर्शाए गए उस पुस्तकों का अध्ययन कर कार्यक्रम में लखन पटेल के द्वारा गीत प्रस्तुत किए गए। इस दौरान रामप्रसाद पटेल, रामसत्येंद्र पटेल, मुकेश पटेल और अन्य जन शामिल रहे। जानकारी के अनुासर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक रोहिणी प्रसाद शुक्ला ने जैव विविधता संरक्षण पर किताबें लिखी है। जिनमें विभिन्न प्रजाति के जीवो, वन प्राणियों, वन के संरक्षण की बातें हैं। इसके अलावा इनकी और भी पुस्तके जैसे वन के गीत, हमारे वन प्राणी, पर्यावरण के गीत, धरती बचे-बचे बाघ, नदी बचाओ, वृक्ष चालीसा, जल चालीसा आदि है। इन सब रचनाएं की प्रतियां इनके द्वारा समाज में निशुल्क वितरित की गई है। बता दें कि इन सब रचनाओं में समाहित शुक्ला की पुस्तकें कार्यक्रमों में प्रदर्शनी लगाकर संगीत वधगायन कर संदेश देती हैं।



## खबर संक्षेप

### हरिभूमि की खबर रंग लाई: बंद पडे हुये हैंडपंप पर किया सुधार कार्य



गाडरवारा। भीषण गर्मी के चलते लोग पीने के पानी को लेकर परेशान होते हुये देखे जा रहे है। मगर दूसरी ओर जिस तरह जहां तहां लगे हुये हेण्ड पंप खराब होने के कारण लोगों को परेशान होते हुये देखा जा रहा है। कुछ इसी प्रकार से नगर के छिपा तिरहा के पास स्थित एक हेण्ड पंप बीते हुये लम्बे समय से बंद पडा हुआ था। इस सच्चाई को हरिभूमि द्वारा कल अंक में प्रमुखता के साथ उजाकर करते हुये संबंधित विभाग तक आवाज पहुंचाई तो इसका परिणाम यह हुआ कि बंद पडे हुये इस हेंड पंप का विभग द्वार सूधार कार्य किये ाने के कारण आम जन को ठंडा पानी उपलब्ध होते हुये दिखाई देने लगा है।

### रोजगार उन्मुखीकरण प्रशिक्षण संपन्न



चीचली। स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आईटी, आईटीईएस विषय के छात्र-छात्राओं ने बीस दिवसीय रोजगार उन्मुखीकरण प्रशिक्षण (ओजीटी) अंतर्गत अभिषेक एमपी ऑनलाइन चीचली में भ्रमण किया। इस प्रशिक्षण में एमपी ऑनलाइन के संचालक अभिषेक बाथरे द्वारा प्रशिक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं को एमपी ऑनलाइन से संबंधित विभिन्न कार्य जैसे ऑनलाइन फॉर्म भरना, इंटरनेट के माध्यम से आधार कार्ड डाउनलोड करना, लेमिनेशन करना, फोटोकॉपी, प्रिंट, बिजली बिल का भुगतान, आई कार्ड बनाना, पासपोर्ट साइज की फोटो निर्माण एवम ऑनलाइन से संबंधित अनेक कार्यों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बताया जााता है कि यह बीस दिवसीय प्रशिक्षण में उत्कृष्ट विद्यालय चीचली के व्यावसायिक प्रशिक्षक सरफराज मोहम्मद एवम दिनेश गर्ग के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस रोजगार उन्मुखीकरण में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य भारत ताम्रकार तथा माध्यमिक शिक्षक सत्यम ताम्रकार, विनीत नामदेव का सहयोग प्राप्त हुआ।

### रायपुर के स्कूल में हनुमंत कथा के आयोजन में भक्तों का उमड़ा सैलाब



चीचली। समीपस्थ ग्राम रायपुर के शासकीय उ मा विद्यालय में एकदिवसीय हनुमंत कथा का आयोजन विद्यालय के छात्र स्व श्रीकांत कौरव की स्मृति में किया गया।इस कथा के आयोजन में गुरुजनों एवं ग्रामीणों ने उक्त दिवंगत छात्र को अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। वही हनुमंत कथा मे कथावाचक पंडित वीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि जिस प्रकार हनुमान जी अपने ईष्ट भगवान राम की आज्ञा का पालन करते थे ठीक उसी प्रकार छात्र छात्राओं को भी अपने गुरुजी की आज्ञा का पालन करना चाहिए। प्रभु हनुमान जी अजर अमर हैं उन्हें रामायण में जामवंत एवं नल व नील ने अपने पराक्रम एवं बल का अहसास कराया था जिसके परिणामवरूप हनुमान जी समुद्र को पार करके लंका में माँ सीताजी का पता लगाकर आये थे। कथा में श्री शास्त्री ने कहा कि छात्र छात्राओं में प्रतिभा की कोई कमी नही रहती जरूरत उस प्रतिभा को निखारने की होती है। उन्होंने आगे कहा कि इस स्कूल में शिव जी,माता सरस्वती जी एवं हनुमान जी के मंदिर बने है जो कि शाला के वातावरण को बेहतर बनाते हैं। हनुमंत कथा का समापन आरती उपरांत प्रसादी वितरण से किया गया। हनुमंत कथा के पूर्व प्राचार्य गजेंद्र कौरव ने कथावाचक का स्वागत माला पहनाकर किया ।

### शहर से लेकर क्षेत्र की सड़कों पर रात भर पैदल स्नान करने जाने वालों की उमड़ते दिखी भीड़

# बुद्ध व बैशाखी पूर्णिमा के मौके पर नर्मदा तटों पर उमड़ा भक्तों का जन सैलाब

गाडरवारा

सदा ही क्षेत्रवासियों को अपना आर्शीवाद प्रदान करते हुये खुशहाल बनाने वाली माँ नर्मदाजी के भक्तों द्वारा वैसे तो हर माह पूर्णिमा को आस्था की डुबकी लगाने के लिये लोग माँ नर्मदा तटों पर पहुंचते है। मगर जिस तरह बीते हुये बुधवार की रात यानि की बुद्व बैशाखी पूर्णिमा के मौके पर माँ नर्मदा भक्तों के बीच आस्था को जुनून देखने मिला है वही निश्चित तौर से अनोखा था। इस वर्ष भगवान विष्णु के प्रिय दिवस गुरूवार को वौद्व पूर्णिमा पड़ना बडा ही शुभ बताया जाता है। वही दूसरी ओर इस समय प्रतिदिन बन बिगड़ मौसम के पडी रही भीषण गर्मी के बाद भी हजारों की संख्या में माँ रेवा मैया के भक्त इस तरह देखे जा रहे थे कि मौसम की मनमानी भी उनके दिलों में पैदा हुई माँ नर्मदाजी की भक्ति की भावना को रोकने में असफल रही और इसके बाद भी माँ नर्मदा के लिये पैदल जाने वाले भक्तों की नगर की सड़को पर रात भर लाईन लगी हुई देखी गई। रात के समय इस तरह पैदल नर्मदाजी के स्नान करने जाने वाले लोगों में सिर्फ पुरूष ही नही बल्कि इस तरह छोटे छोटे छोटे बच्चे भी शामिल थें जो गाडरवारा शहर के साथ यहां से लगभग 20-25 किलो मीटर दूर से पैदल चलकर माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये ककरा घाट जा रहे थें।इस तरह शहर के बीचों बीच से निकल रहे माँ के भक्तों को पानी टंकी के पास मनोज पटैल की टीम द्वारा तो पलोहा नाका पर समाजसेवी सुनील राजपूत द्वारा चाय नास्ता के साथ सभी पैदल जा रहे भक्तों का स्वागत किया गया। इस संबंध में ग्राम मोहपानी निवासी माँ नर्मदा भक्त महिला ने चर्चा करते हुये बताया कि वह हर पूर्णिमा को पैदल चलकर नर्मदाजी के स्नान करने के लिये जाती है। इस तरह हम अपने घर से दोपहर दो बजे के लगभग पैदल निकलते है और शाम 7-8 बजे गाडरवारा पहुंच जाते है और रात भर पैदल चलते हुये सुबह 5 बजे माँ नर्मदाजी के ककरा घाट पहुंचकर स्नान करते हुये पूजन अर्चन करते है। हमे कभी भी न तो कोई थकान होती है और न ही कोई परेशानी।






इसी प्रकार से ग्राम चारगांव निवासी एक 14 वार्षिय बालिका का कहना था कि हम अपने माता पिता सहित गांव के अन्य लोगों के साथ माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये पैदल जाते है और इस तरह पूर्णिमा के मौके पर अनेको बार जा चुके है। मगर कभी कोई परेशानी नही हुई है। इसी प्रकार से जब वह बुधवार की शाम आसमान में छाये हुये बादलों के बीच उमस भरी गर्मी के दौरान नर्मदाजी के स्नानों के लिये पैदल जा रही थी तो नगर की पानी टंकी के पास पूर्व पार्षद व समाजसेवी मनोज पटैल द्वारा हर पूर्णिमा पर नर्मदा भक्तों के लिये चाय पिलाने के लिये की जाने वाली व्यवस्था के दौरान चाय पीने के लिये बैठे हुये नर्मदा भक्तों से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि भले ही तेज गर्मी है। मगर हम माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये पैदल जाने का क्रम नही छोड़ सकते है। जब हम पैदल चलते है तो कोई परेशानी होती है। क्योंकि इस धरती पर हर व्यक्ति की रक्षा करने वाले माँ नर्मदा ही है जब जिस माँ की पूजन अर्चन करने के लिये हम ला रहे है तो फिर वह माँ अपने बेटों को यदि कोई परेशानी होगी तो खुद ही उसे चंद मिनिटों में हरण करने से नही चूकेगी। इस तरह से ग्राम तेंदूखेड़ा से पैदल नर्मदा स्नान करने के लिये जा रही एक वृद्व लगभग 65 वार्षिय महिला से चर्चा की गई तो उसका कहना था कि यह पहला अवसर नही है कि जब हम माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये पैदल जा रहे है। हमारे द्वारा हर साल इस तरह पूर्णिमा के मौके पर तीन चार बार पैदल जाते है। जब उनसे पूछा गया कि अम्माजी इस तरह आज भीषण गर्मी के बीच आपको परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा.. तो उनका कहना था कि अब परेशानी तो घर बैठे भी आ सकती है। उसी परेशानी को माँ नर्मदाजी हरण करती है तो फिर जब उनके चरणों का आर्शीवाद लेने के लिये जा रहे है परेशानी कहा से आ सकती है। इस तरह बीते हुये बुधवार की रात नगर की सड़को पर जहां तेज गर्मी के बीच हजारों की संख्या में माँ नर्मदा स्नान करने के लिये पैदल जाने वाले भक्तों के जत्थें रात भर निकलते हुये देखे गये तो दूसरी ओर सुबह होते ही क्षेत्र के गांवों में ट्रेक्टर ट्रालियों में सबार होकर भी हजारों लोग माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये पहुंचे। इस तरह बैशाखी पूर्णिमा के मौके पर नर्मदा तटों पर उमड़े हुये हुजूम के चलते मेला जैसा दृश्य दिखाई पड़ने से नही चूक रहा था। इस तरह का हाल क्षेत्र के सिर्फ ककरा घाट का ही नही बल्कि शोकलपुर, झिकोली, थरेरी, कोठिया, घघरौला खुर्द, लिंगा खुर्द, भटेरा घाट सहित अन्य घाटों का भी देखने मिला जहां पर हजारों की संख्या में माँ नर्मदा भक्तों ने नर्मदा तटों पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाते हुये पूजन अर्चन करते हुये अनेक जगहों पर भगवान सत्य नारायण जी की कथा संपन्न कराई गई तो अनेक लोगों द्वारा भंडारे के आयोजन भी किये गये। इस तरह हर पूर्णिमा के मौके पर क्षेत्र के ककरा घाट सहित अन्य घाटों पर माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये पैदल जाने वाले भक्तों की भीड़ की लाईने लगी रहती है। मगर इन भक्तों को उस दौरान परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है कि भीड़ के बीच से रात रात भर भारी भरकम डम्फरों की धमाचौकड़ी मजी रहती है। पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर क्षेत्र के नर्मदा तटों को पहुंचने वाले मार्गो पर एक रात के लिये इस तरह भारी वाहनो की धमाचौकड़ी पर प्रतिबंध के लिये लगातार भक्तों द्वारा मांग उठाई जाने के बाद भी जिले के जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा नजर अंदाज किये जाने से नम्रदा भक्तों की जिन्दगी को खतरा पैदा होने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि गाडरवारा के आलवा क्षेत्र के ग्राम सूखाखैरी, गोटीटोरिया, सिंहपुर, बारहाबड़ा, महगंवा सहित अन्य गांवों से पैदल जाने वाले नर्मदा भक्तों को देखा जाा है कि वह अपनी थकान मिटाने के लिये मुख्य रास्ते पर ही बैठ जाते है और बैठे बैठे बच्चों को नींद आने की स्थिति में वह चंद मिनिटों के लिये रास्तों पर ही सो जाते है। इस स्थिति में पूर्णिमा की रात इन भारी भरकम डम्फरों की धमाचौकड़ी किसी दिन इन माँ नर्मदाजी के भक्तों की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा करने से नही चूक पायेगी?

## चीचली पुलिस द्वारा चोरी गये ट्रेक्टर सहित थ्रेशर मशीन को 5 पांच घंटे के अंदर खोजने में पाई सफलता, आरोपी को गिरफ्तार कर अन्य मामलों के संबंध में की जा रही पूछताछ

चीचली

निश्चित तौर से कहा जाता है कि जब वर्दीधारी अपनी निष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वाहन करते है तो अपराधी भले ही पाताल में क्यों न छिप जावे मगर कानून के हाथ उन्हें खोजने में सफल हो ही जाते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई चीचली पुलिस थाने में देखने मिली है जहां पर थाना प्रभारी एस आई रोहित पटैल की टीम द्वारा चोरी गये हुई एक ट्रेक्टर ट्राली को घटना के पांच घंटे के अंदर खोजने के साथ आरोपी को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की गई है। इस तरह चोरी के ट्रेक्टर व थ्रेशर मशीन के साथ पकड़े गये आरोपी का खुलासा करते हुये बताया है कि जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर जिले में संपत्ति संबंधी अपराधियों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने हेतु सख्त निर्देश दिये गये है। वही अति. पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र पटेरिया तथा उप पुलिस अधीक्षक गाडरवारा रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में अभियान चलाते हुये प्रभावी कार्यवाही कर पूर्णतः प्रतिबंधित किए जाने सख्त निर्देश दिये गये हैं। इसी के चलते बीते हुये 21 मई को ग्राम गांगई निवासी मुस्ताक खान पिता शखावत खान उम्र 32 वर्ष द्वारा पुलिस थाना चीचली में





अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि 19 मई की रात अज्ञात चोरों द्वारा उसके घर के पीछे बाड़े में खड़ा हुआ कुबोटो कंपनी का ट्रेक्टर मय 7-ब्लेड वाली थ्रेशर मशीन किसी अज्ञात चोरों द्वारा कर लिया गया है। इस शिकायत पर चीचली पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच शुरू की गई। वही जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी की खोजबीन के लिये दिये गये निर्देशों के साथ आरोपी की खोजबीन के लिये एक टीम का गठन करने के भी आदेश जारी किये गये। इसी के चलते उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में बनाई गई इस टीम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी चीचली रोहित पटेल, सउनि मिश्रा के आलवा प्रधान आरक्षक संजय शाह, आदर्श पाठक, राजेश गुप्ता को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये अज्ञात चोरों की गिरफ्तारी एवं संपत्ति बरामदगी हेतु संदिग्ध व्यक्तियों की धरपकड़ एवं पूछताछ की गई। दौरान विवेचना घटनास्थल के वैज्ञानिक आधार पर निरीक्षण,घटना दिनांक के सी.सी.टी.व्ही. फुटेज एवं मुखबिर सूचना व तकनीकी माध्यमों के आधार पर संदेहीयानों को चिन्हित कर पतसाजी की जा रही थी वही दूसरी ओर स्थानीय मुखबिरों को सक्रिय किया गया जिनके माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति गांगई-एनटीपीसी रोड पर ट्रेक्टर काम दामों में बेचने की बात कर रहा है जो संदिग्ध प्रतीत हुआ। रोहित पटैल की टीम द्वारा इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए मौके पर दबिश देकर मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिये के व्यक्ति को घेराबंदी कर मौके से अभिरक्षा में लेते हुये जब उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम अजीत खां पिता मकबूल खां उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम गांगई थाना चीचली का होना बताया गया। वही उसके पास पाये गये ट्रेक्टर एवं थ्रेशर मशीन के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी 19 मई की रात ग्राम गांगई हार से एक ट्रेक्टर एवं उसमें लगा थ्रेशर मशीन को चोरी करन की बात स्वीकार की गई। बताया जाता है कि पकड़े गये आरोपी द्वारा उक्त चोरी गए ट्रैक्टर दृ थ्रेशर मशीन को आरोपी ने अपने गांगई मौजा के खेत में बनी टपरिया में विक्रय करने के लिये छिपाकर रखागया था। इस तरह आरोपी के बताये स्थान से पुलिस द्वारा उसके कब्जे से चोरी गए ट्रैक्टर एवं थ्रेशर मशीन को जप्त किया गया है। इस तरह घटना क चंद घंटों के उपरांत ही चीचली पुलिस द्वारा चोरी किये गय ट्रेक्टर सहित थ्रेशर मशीन को जप्त करने के साथआरोपी को गिरप्तार करते हुये माङ न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमाड पर लेकर क्षेत्र में अन्य किसानों के यहां घटित हुई चोरी की घटनाओं के संबंध में पूछताछ कीजा रहीहै। वही आरोपी के पास से जप्त किये गये ट्रेक्टर मय थ्रेशर मशीन की अनुमानित कीमत 7 लाख 40 हजार रूपये आकी जा रही है।



### जमाडा बारहाबडा मार्ग पर यात्रियों भरी ट्रेक्टर ट्राली पलटी, बडी घटना घटित होने से बाल बाल बची

गाडरवारा। नगर के समीप यानि की गाडरवारा से जमाडा होते हुये बारहाबड़ा की ओर जाने वाले मार्ग की सच्चाई शायद ही किसी से छिपी नही होगी। इस मार्ग के निर्माण को लेकर क्षेत्र के लोगों द्वारा लगातार किये गये विरोध प्रदर्शन व आंदोलनों के बाद इस मार्ग का निर्माण कार्य तो शुरू हो चुका है। मगर जिस गति से निर्माण कार्य चल रहा है उससे यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि शायद आज की तारीख में जन्म लेने वाले बच्चें अपनी युवा पीढ़ी के दौरान 16 वां जन्म दिवस मना चुक है तक कभी निर्माण कार्य पूरा हो पायेगा? इस तरह सड़क पर जहां तहां निकले हुये गड्डो के चलते वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करने के साथ साथ वाहन दुर्घटना ग्रस्ति होने से नही चूक पाते है। इसी प्रकार से बीते हुये गुरूवार को जब इस मार्ग से एक ट्रेक्टर ट्राली जिसमें कुछ लोग सबार थें वह गुजर रहा था तो ट्रेक्टर का अगला चका अचानक गड्डे में समा जाने के कारण ट्राली पलट गई। वह तो अच्छा हुआ की माँ नर्मदाजी के कृपा के चलते किसी को कोई गंभीर चोट नही आई और एक बड़ी घटना घटित होने से बाल बाल बच गई। मगर इस तरह निर्माण कार्य की धीमी गति तथा सड़क मार्ग पर निकले हुये गड्डो को लेकर बरती जा रही उदासीनता का परिणाम किसी दिन बड़ी घटना का कारण बनने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

## दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा की पहचान बन रही अब गड्ढों से परिपूर्ण सड़क, आये दिन छोटे वाहन चालक गिरने से हो रहे घायल

सांईखेड़ा। दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा दादाजी के आर्शीवाद के चलते भले ही पहचान की मुंहताज नही है और यहां पर आये दिन दूर दूर से दादाजी के भक्त आकर दादा धाम पहुंचकर उनके दर्शन करते हुये आर्शीवाद लेते देखे जाते है तो दूसरी ओर सांईखेड़ा प्रदेश स्तर के मार्ग से जुडा होने के कारण अब यहां से लम्बी दूरी के वाहनों का निकलना होने से सांईखेड़ा की प्रसिद्व अब देश के नक्से में अपनी पहचान बना चुकी है? मगर बडे ही दुभाग्य की बात है कि इस समय गाडरवारा से लेकर सांईखेड़ा मुख्य मार्ग के आलवा नगर सांईखेड़ा की मुख्य सड़क जिस हालत में पहुंचते है देखी जा रही ह उसके चलते मुख्य मार्ग पर निकले हुये गड्डे अब इस क्षेत्र की पहचान बनने से नही चूक रहे है। क्योंकि नगर के अंदर मुख्य मार्ग पर निकले हुये इन गड्डो का सामना नगरवासी तो प्रतिदिन करते हुये देखे जाते है। वही दूसरी ओर दादाधाम के दर्शन करने के लिये दूर दूर से आने वाले लोगों को भी इन गड्डो का सामना करते हुये परेशान होना पड़ रहा है । जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के अंदर व ग्राम देवरी मिढ़वानी के पास मुख्य मार्ग पर निकले हुये गड्डे तो अपने अनेक जन्म दिन मना चुके है। मगर सुधार के लिये कोई प्रयास न होना चर्चा का विषय बनने के साथ साथ क्षेत्र के जिम्मेदारों की भूमिका पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहे है? वही दूसरी ओर इस मार्ग से लम्बी दूरी की यात्रा करने वाले वाहनों की आवाजाही के चलते अब सांईखेड़ा की पहचान गड्डाखेड़ा में होने से नही चूक पा रही है। इस तरह गाडरवारा सांईखेडा के मुख्य मार्ग पर निकल रहे इन गड्डों की सच्चाई को मीडिया द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी क्षेत्र में प्रमुख जिम्मेदारों द्वारा जिस तरह से नजर अंदाज किया जा रहा है उसके चलते क्षेत्र का विकास करने की बाते करने वाले उन नेताओं की सच्चाई उजागर होने से नही चूक पा रही है तो अधिकारियों की उदासीनता पूर्ण कार्यशैली भी सामने आते हुये देखी जाने लगी है। ऐसा नही है कि इस तरह नगर के मुख्य मार्ग पर निकले हुये इन गड्डो से जिम्मेदार जनप्रतिनिधि अनजान है? क्योंकि इस मार्ग से प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का आये दिन निकलना होता रहता है तो दूसरी ओर समय समय पर अनेक मंत्री भी इस मार्ग से गुजरते रहते है। मगर इसके बाद भी नगर के अंदर मुख्य मार्ग पर सुरसा की तरह अपना रूप विकराल करते चले जा रहे इन गड्डो को नजर अंदाज किया जा रहा है उसके कारण आम लोग इस मार्ग से निकलने में परेशान हो रहे है तो दूसरी ओर छोटे वाहन चालक गिरकर घायल होने से नही बच पा रहे है।

## नगर में घटित हुये हत्याकांड के एक आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार, शेष की खोजबीन जारी



गाडरवारा। नगर में बीते हुये मंगलवार की रात सनसनी का महौल उस समय पैदा होने से नही चूक पाया था जब लोगों के कानों तक यह खबर मिली की शहर के शासकीय चिकित्सालय के सामने आई सी आई बैक के पास कुछ लोगों द्वारा एक युवक की बेरहमी के साथ पेट में चाकू मारते हुये हत्या करने के बाद वह फरार हो गये है। इस तरह घटित हुई हत्या कांड की घटना के बाद आरोपी जिस तरह फरार हुये थें उनकी गिरप्तार पुलिस के लिये एक चुनौती बनने से नही चूक पा रही थी। वही घटना को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी को शीर्घ ही गिरप्तार करने के आदेश जारी किये गये है। वही उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में आरोपियों की खोजबीन के लिये बनाई गई अलग अलग टीमों द्वारा आरोपियों के छिपे होने के संभावित स्थानों पर लगातार छापा मारी करते हुये घटना के 24 घंटे के अंदर एक आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की गई। वही पकड़े गये आरोपी को पुलिस द्वारा बुधवार की देर शाम घटना स्थल पर लेकर संपूर्ण घटनाक्रम का रीक्रिएशन की प्रक्रिया कराते हुये घटित हुई घटना की बारीकियों को परखा गया। इस संबंध में नगर निरीक्षक उमेश तिवारी से चर्चा की गई तो उन्होनें अपनी जानकारी में बताया कि नगर में बीते हुये मंगलवार की देर रात समीपस्थ ग्राम केकरा निवासी अभिषेख कौरव उर्फ बिल्ला के पेट व सीने पर चाकू मारते हुये की गई हत्या के बाद आरोपी फरार हो गये थें। उनकी खोजबीन के लिये हमारी टीम द्वारा लगातार जहां तहां छापे मारी करते हुये एक आरोपी को पकड़ने में सफल हो गई तथा शेष आरोपियों की खोजबीन की जा रही है और वही भी जल्द पुलिस की गिरप्त में आने से नही बच पायेगे। हमारे द्वारा पकड़े गये आरोपी से आज घटना स्थल पर लाकर संपूर्ण घटनाक्रम के संबंध में जानकारी ली गई और उस दौरान घटना स्थल पर कौन कौन मौजदू थें इस संबंध में पूछताछ की गई।

### अपनी दुर्दशा पर आँसू बहा रहा है सिहोरा रेल्वे स्टेशन

मनकवारा। जहाँ एक ओर केन्द्र सरकार द्वारा क्षेत्र में अनेक प्रकार की रेल सेवायें देकर वाह वाही लूटी जा रही है वही दूसरी ओर देखा जाये तो पूर्व की बोहानी विधान सभा जो कि अब तेंदूखेड़ा विधान सभा हो गई है के अंतर्गत आने वाली एक मात्र रेल्वे स्टेशन सिहोरा बोहानी उपेक्षा की शिकार होकर अपनी बदहाली पर आँसू बहा रही है। इस स्टेशन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो बोहानी रेल्वे स्टेशन जिस पर पैसेन्जर के अलावा एक्सप्रेस के नाम पर बीना गाड़ी व फास्ट पैसैन्जर मात्र रूकती है, यदिकहींअन्यगाड़ियोंके स्टापकेबारेमेंनेताओंनेसोचाहोतातोशायद क्षेत्रके लिये बहुत बड़ी उपलब्धि होती, मगर देखा जा रहा है कि बोहानी रेल्वे स्टेशन के लियेकिसी भीकेन्द्रीय वप्रदेशस्तरकेनेता ने आज तक कोई पहल नहीं की है

## मुख्य सड़क से लेकर नर्मदा पुल पर पशुओं का डेरा, मिल रहा है बड़ी घटना का खुला संकेत



सांईखेड़ा। पशु मालिको की मनमानी व प्रशासन की उदासीनता का परिणाम है कि इस जहां तहां घूमने वाले आवारा पशु निश्चित तौर से आमजन के लिये बड़ी घटना का संकेत बनने से नही चूक पा रहे है। क्योंकि यह पशु जहां प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर के मार्गो पर अपना डेरा जमाये हुये पूरे मार्ग को अवरूद्व करने से नही चूक रहे है, वही दूसरी ओर समीपस्थ झिकोली नर्मदा पुल के बीचों बीच बैठने वाले पशुओं से किसी दिन कोई बड़ी घटना का संकेत मिलने से नही चूक पा रहा है? अक्सर देखा जाता है कि मुख्य मार्गो पर बैठने वाहन इन पशुओं के चलते जहां वाहन चालक दुर्घटना की शिकार होना जहां आम बात हो चुकी है, वही दूसरी ओर जिस प्रकार से बगैर रैलिंग वाले नर्मदा पुल पर इस समय पशुओं का डेरा जमा हो रहा है उसके चलते आम लोगों के साथ साथ पशुओं के जीवन के लिये भी बड़ा खतरा पैदा हो रहा है, जब पुल के बीचों बीच पशुओं का डेरा होता है उस दौरान वाहन चालको का निकलना मुश्किल हो जाता है। क्योंकि उन्हें इस बात की दहशत होती है कि ऐसा न हो कि जब वह अपना वाहन निकाल रहे हो उसी दौरान कोई पशुअ आपस में डलते हुये वाहन पर न गिर जावे यदि ऐसा होता है तो निश्चित तौर से रैलिंग विहीन पुल के चलते वाहन चालक अपने वाहन सहित सीधे नर्मदाजी में गिरने से नही बच पायेगा, वही दूसरी ओर इस प्रकार से पुल के ऊपर पशुओं का जमावड़ा लगा रहने के कारण मूक पशुओं के जीवन को भी पूरा पूरा खतरा पैदा होने से नही बच पा रहा है क्योंकि पशुओं के आपस में लड़ने की स्थिति में निश्चित तौर से पशुओं का नर्मदा में गिरने से बच पाना भी मुश्किल हो रहा है, जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो सांईखेड़ा उदयपुरा मार्ग प्रदेश स्तर का मार्ग माना जाता है जिस प्रकार दिन रात हजारों की संख्या में वाहनों का निकलना बना रहता है, मगर इसके बाद भी इस मार्ग पर पशुओं का डेरा होने के कारण निश्चित ही यह मार बड़ी घटना को आमंत्रण देने से नही चूक पा रहा है।

## बालश्रम कानून का कागजों पर हो रहा है पालन अनेक जगहों पर धडल्ले से कर रहे मासूम काम



सांईखेड़ा। शासन द्वारा बाल मजदूरी रोकने जारी निर्देशो का पालन कराने मे जहां जिला प्रशासन नाकाम रहा है वही बाल श्रमिकों के उत्थान हेतु चलाई जा रही योजनाओं का लाभ भी संबंधितों को नही मिल पा रहा है। जबकि पूर्व मे कारखाना अधिनियम 1948 खदान अधिनियम 1952 जहाज अधिनियम 1958, वृक्षारोपण अधिनियम 1961 तथा मोटर परिवहन श्रम अधिनियम के अंतर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी प्रकार के कारखानों एवं खदानों, मोटर यातायात आदि पर काम मे लगाना वर्जित है,वही हर वर्ष एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। मगर आजादी के 62 वर्ष बाद भी बाल श्रमिकों की किसी भी श्रमिक संगठन को याद नही आई,जिन बच्चों के हाथ मे किताब कापी होना चाहिए उन्हे पैट भरने के लिए कचरा बीनना,सिर पर लकड़ी का गट्टा ढोना,होटलो मे कम प्लेट धोना आदि नियति बन चुकी है, क्षेत्र में बाल श्रमिकों की तादात लगातार बढती जा रही है। इसके बावजूद भी जिले के श्रमिक कार्यालय मे बच्चों के सही आंकड़ा तक मौजूद नही होगा? गरीबी व अज्ञानता के चलते आज भी जिले के हजारों बच्चों का स्कूल से नाता जुड़ नही पाया है। उन्हे दो वक्त की रोटी जुटाने के लिए स्वयं कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। शासन द्वारा जहां साक्षरता का अलख जगाने के लिए गांव गांव मे स्कूल खोले गये है तथा बच्चों को मेहनत मजदूरी से अलग रखा गया है फिर भी गरीबी के चलते बच्चे सरस्वती के वरदान से वंचित है, ग्रामीण अंचलों मे भोर मे उठना कुल्हाड़ी लेकर जंगल जाना लकड़ी काटना, भैस, गाय, बकरी चराना और रूपये कमाना जिंदगी बन गई है। शासन द्वारा करोडो की योजनाओं के बाद भी इन बेसहारा बच्चों के रहन सहन मे कोई बदलाब नही आ सका,इनका भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है,

**खबर संक्षेप**

## 27 मई को बाढ़ आपदा नियंत्रण के संबंध में बैठक

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने बाढ़ आपदा एवं नियंत्रण के संबंध में मानसून आगमन के पूर्व तैयारियों के संबंध में 27 मई 24 को बैठक का आयोजन किया है। जिसमें जिला स्तर पर बाढ़ एवं अतिवृष्टि की स्थिति में संभावित आपदा से निपटने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा बाढ़ पूर्व तैयारियों की कार्ययोजना तैयार कर कार्यवाही की जाना है। उक्त बैठक में जानकारी सहित उपस्थित होने के लिए अधिकारियों को आदेशित किया है ।

## सर्पदंश से युवक की मौत



**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** पुलिस थाना मेंहदवानी अन्तर्गत ग्राम खजरवारा निवासी युवक नैनीराम पिता छोटे लाल विश्वकर्मा को गुरुवार की सुबह जहरीले सांप ने पैर के अंगुली में डस लिया। परिजनों ने आपातकालीन वाहन की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदवानी लेकर आए जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक गुरुवार को सुबह लगभग 6 बजे घर के बाजू में रखे लकड़ी के ढेर से लकड़ी निकालने गया था जहां पहले से मौजूद जहरीले सांप ने डंस लिया था। मेंहदवानी पुलिस ने परिजनों की सूचना पर मर्ग कायम कर शव परीक्षण उपरांत अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया और जांच में जुट गई है।

## विकासखंड करंजिया के ग्राम नारीग्वारा में रोका गया बाल विवाह



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** मंगलवार को विकासखंड करंजिया अंतर्गत ग्राम पंचायत नारीग्वारा में बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर कार्यवाही करते हुए महिला बाल विकास विभाग एवं पंचायत विभाग द्वारा ग्राम में हो रहे बाल विवाह को रोका गया। बताया गया कि लड़की की उम्र जन्म प्रमाण पत्र एवं आठवीं की अंकसूची के आधार पर 15 वर्ष 7 माह तथा लड़के की उम्र लगभग 18 वर्ष पाई गई है। जिन्हें संयुक्त टीम के द्वारा परिवार को समझाइश देकर समझाया कि विवाह के लिए लड़की की आदर्श आयु 18 वर्ष और लड़के की आदर्श आयु 21 वर्ष है। समझाइश के बाद परिवार के सदस्यों ने सहमति से निश्चय किया कि आदर्श आयु में ही विवाह संपन्न करेंगे। जिला प्रशासन लगातार बाल विवाह रोकने के लिए सार्थक प्रयास कर रहा है। बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होने पर महिला बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, जनपद पंचायत और राजस्व विभाग के संयुक्त अमले ने बाल विवाह के बारे में वर वधु के माता पिता को समझाया, समझाइश के साथ ही ये भी बताया गया कि बाल विवाह करना और करवाना एक कानूनी अपराध है, बाल विवाह करने वालों के समस्त शासकीय लाभ पर प्रतिबन्ध लग जाता है, समझाइश के बाद दोनों पक्ष ने सहमति के साथ विवाह योग्य आयु होने पर ही विवाह करने का लिखित वचन दिया, जिला प्रशासन की तत्परता के फलस्वरूप बाल विवाह रोकने में सफलता प्राप्त हुई।

## मोबाइल टेस्टिंग लैब से की खाद्य सामग्री की जांच

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** खाद्य एवं सुरक्षा विभाग ने मंगलवार की शाम को जिला मुख्यालय के नर्मदा पुल पार और बस स्टैंड पर चलित प्रयोगशाला से खाद्य सामग्री की जांच की और चलचित्र के माध्यन से दुकानदारों और उपभोक्ताओं को जागरूक किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रभा सिंह तेकाम ने बतलाया कि किराना एवं अन्य खाद्य दुकानो से तेल, मसाला, दही पनीर, आइसक्रीम एवं कन्फेक्शनरी आइटम के नमूनों की मोबाइल यूनिट में जांच की गई।

### नहर निर्माण हेतु मनरेगा से 1 करोड़ 12 लाख रुपये स्वीकृत

# नहर निर्माण के नाम पर लाखों की हेराफेरी, फर्मो को फर्जी भुगतान कर कार्य कराना भूले जिम्मेदार



### मिट्टी, मुरुम, के नाम फर्मों को फर्जी भुगतान

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** एक तरफ केंद्र एवं राज्य सरकार किसानों के उन्नति और आत्मनिर्भर बनाने के लिए तरह तरह से योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का दावा करते हैं,वही वास्तविकता में सरकार और प्रशासन के वादे और दावे पर जिम्मेदार अधिकारी पलीता लगाते हुए नजर आ रहे हैं, एक तरफ सरकार सिचाईं सुविधा के विस्तार के नाम पर पानी की तरह पैसा खर्च कर रही हैं, वही दूसरी ओर क्रियान्वयन करने वाले जिम्मेदार अधिकारी विकास कार्यों के नाम पर फर्जी बिल बाउचर तैयार कर सरकार की मंशा पर पानी फेरते हुए स्वयं का विकास कर रहे हैं।


### एक्यूगार्ड और दो पुलिया का अधूरा निर्माण करा 20 लाख रुपये का भुगतान

जल संसाधन विभाग के द्वारा 2021 -22 में बांध एवं नहरों के मरम्मत के नाम पर बड़े पैमाने पर मनरेगा योजना से कार्य स्वीकृत कर सामग्री के नाम पर फर्जीवाड़े का खेल बड़े स्तर पर खेला गया है।

कुछ ऐसा ही मामला अमरपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत डुंडी सरई स्थित मुरता जलाशय के टैंक, नहर मरम्मत एवं नए नहर निर्माण के नाम पर लाखों रुपए का फर्जी भुगतान चहेते फर्मो को किया गया है।

-सरकारी आंकड़ों में उलझा किसानों का विकास..?

सरकारी आंकड़ों के अनुसार मुरता जलाशय से जल संसाधन विभाग 408 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित किये जाने का लक्ष्य एवं 357 हेक्टेयर भूमि सिंचित किये जाने का दावा है,जबकि जमीनी हकीकत विभागीय दावे के विपरीत है,डुंडी सरई में कराये गए नहर में अंतिम छोर तक पानी नही पहुंच पा रहा है वही मुरता की ओर नहर का पता रता नही हैं,ऐसे में सरकारी दावे कितना सच और कितना झूठ है अंदाजा लगाया जा सकता है..?



The Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act 21 May 2024

Material

| राज्य: मध्य प्रदेश | जिला: ??????? | ब्लॉक: AMARPUR | पंचायत: |
|---|---|---|---|

सामग्री पर खर्च

[ कार्य-कोड- 1745/WC/22012034898845]

| Bill No. | Bill Date (DD/MM/YYYY) | Material | Total Amount (In Rupees) | Amount Paid (In Rupees) |
|---|---|---|---|---|
| 66 | 26/04/2023 | 40 M.M. Gitti | 144000 | 144000 |
| 66 | 26/04/2023 | Centre GST | 3600 | 3600 |
| 66 | 26/04/2023 | State GST | 3600 | 3600 |
| 107 | 27/04/2023 | Centre GST | 3771.9 | 3771.9 |
| 107 | 27/04/2023 | Sand | 150876 | 150876 |
| 107 | 27/04/2023 | State GST | 3771.9 | 3771.9 |
| 161 | 27/04/2023 | Cement | 180467 | 180467 |
| 161 | 27/04/2023 | Centre GST | 25265.38 | 25265.38 |
| 161 | 27/04/2023 | State GST | 25265.38 | 25265.38 |
| 67 | 27/04/2023 | 20 M.M. METAL | 170000 | 170000 |
| 67 | 27/04/2023 | Centre GST | 4250 | 4250 |
| 67 | 27/04/2023 | State GST | 4250 | 4250 |
| 68 | 28/04/2023 | 40 M.M. Gitti | 144000 | 144000 |
| 68 | 28/04/2023 | Centre GST | 3600 | 3600 |
| 68 | 28/04/2023 | State GST | 3600 | 3600 |
| 108 | 30/04/2023 | Centre GST | 3771.9 | 3771.9 |
| 108 | 30/04/2023 | Sand | 150876 | 150876 |
| 108 | 30/04/2023 | State GST | 3771.9 | 3771.9 |
| 165 | 30/04/2023 | Cement | 180467 | 180467 |
| 165 | 30/04/2023 | Centre GST | 25265.38 | 25265.38 |
| 165 | 30/04/2023 | State GST | 25265.38 | 25265.38 |
| 69 | 30/04/2023 | 20 M.M. METAL | 160000 | 160000 |
| 69 | 30/04/2023 | Centre GST | 4000 | 4000 |
| 69 | 30/04/2023 | State GST | 4000 | 4000 |
| 76 | 02/05/2023 | 20 M.M. METAL | 144000 | 144000 |
| 76 | 02/05/2023 | Centre GST | 3600 | 3600 |
| 76 | 02/05/2023 | State GST | 3600 | 3600 |
| 111 | 05/05/2023 | Centre GST | 3771.9 | 3771.9 |
| 111 | 05/05/2023 | Sand | 150876 | 150876 |
| 111 | 05/05/2023 | State GST | 3771.9 | 3771.9 |
| 169 | 05/05/2023 | Cement | 185623.2 | 185623.2 |

### -नए नहर निर्माण हेतु 1 करोड़ 12 लाख रुपये स्वीकृत

जलाशय निर्माण के दौरान नहर निर्माण हेतु अनियोजित तरीके से भूमि अधिग्रहण किया गया था, लेकिन मुरता की ओर आज तक नहर निर्माण नही कराया गया है, 2022 में नए नहर निर्माण हेतु मनरेगा योजना के तहत 1 करोड़ 12 लाख रु स्वीकृत है, निर्माण कार्य के नाम पर 3 वर्षो में महज अपूर्ण एक्यूगार्ड, 2 नग पुलिया का निर्माण अधूरा छोड़कर फर्मो को मटेरियल के नाम पर मनमानी



पूर्वक लाखों रुपए का फर्जी भुगतान किया गया है,लगभग 20 लाख रुपए मैटेरियल के नाम पर फर्मो को उपकृत करने के बाद भी नहर की लकीर तक जमीन से नदारत हैं।

### -इनका कहना है,,,

सोमवार को कार्य स्थल का निरीक्षण कर वास्तविकता देखेंगे, यदि अनियमितता बरती गई हैं तो कार्रवाई करेंगें।

**-एस.के.शर्मा, कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग, जिला डिंडौरी**

# मासूम बच्चों का किया अपहरण, फिर पिलाई जहरीली शराब, बच्चे मिले बेहोश

### पुलिस थाना मेंहदवानी के ग्राम सरसी का मामला

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** पुलिस थाना मेंहदवानी के ग्राम सरसी में रात्रि लगभग 12 बजे एक 10 वर्षीय बालिका तथा एक 10 वर्षीय बालक बेहोशी की हालत में मिले हैं जिन्हें पुलिस डायल 100 के पायलट अमीन खान तथा आरक्षक ज्ञानेंद्र कौशिक के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदवानी में लाकर भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान लगभग 10-11 घण्टे बाद दोनों मासूमों को होश आया है।



### -बच्ची के चीखने की आवाज आई थी

अपरहणकर्ताओं के चंगुल से बचाने वाले ग्राम सरसी निवासी विनोद यादव ने बताया कि मैं घर की छत पर सोया था रात्रि लगभग 12 बजे स्टापडेम के पास बच्ची की चीखने की आवाज सुनाई दी तब मैंने पिताजी को उठाया और बताया कि कोई बच्ची चीख रही है और आगे सड़क पर कोई मोटरसाइकिल लेकर खड़ा है तब पिताजी जोर से चिल्लाए कि कौन है वहां और क्या हो रहा है तब वो लोग बच्चों को छोड़कर मोटरसाइकिल से फरार हो गए। थोड़ी देर बाद बच्ची लड़खड़ाते हुए हमारे घर के फाटक तक पहुंची और वहीं बेहोश हो गई थोडी देर बाद बच्चा भी आया और वह भी बेहोश हो गया। बच्ची बेहोश होने के पहले चिरपोटी की हूं कह रही थी तो मैंने ग्राम पंचायत चिरपोटी के सरपंच पति उज्जन सिंह एवं ग्राम कोटवार को इसकी जानकारी दी तब कोटवार और बच्चों के परिजनों सहित अन्य ग्रामीण ग्राम सरसी पहुंचे इसके बाद पुलिस डायल 100 को इसकी जानकारी दी गई।

### -विवाह स्थल से किया अपहरण

होश में आने के बाद बच्ची ने बताया कि गांव के ही एक घर में शादी थी जहां हम मड़वा नाचने गए थे जहां से पांच लोग हमें बहला फुसलाकर ले गए थे और उनके द्वारा हमें जबरजस्ती लाल रंग का दारु पिलाया गया था इसके बाद सूनसान जगह ले जाकर मेरे से गलत हरकत करने लगे थे तो मैं जोर से चिल्लाई थी तब पास के मकान से कोई चिल्लाया तो वो लोग हमें छोड़कर भाग गए इसके बाद मैं बेहोश हो गई।

## अजगर ने निगली बकरी, वन अमले ने किया रेस्कयू

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** वन परिक्षेत्र शाहपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मुढ़िया कला के पोषक ग्राम धरम पुरा में गुरुवार शाम लगभग 5 बजे एक अजगर ने चरने गई बकरी को अपना निवाला बना लिया।जिसको ग्रामीणों ने देख लिया और अधनिगली बकरी के पैर को रस्सी से बांध कर अजगर से छुड़ा लिया। जानकारी के मुताबिक बकरी गाँव के नजदीक स्थित बाबली के पास चर रही, जहां पहले से घात लगाए अजगर ने हमला कर उसे निवाला



बनाने की कोशिश की थी। लेकिन वह बकरी आधा निगल पाया था तभी ग्रामीण उसके मुँह से बकरी को निकाल लिया। हालांकि बकरी की मौत हो गई। बकरी मालिक का नाम धरम सिंह बतलाया गया है।इसकी सूचना मिलते ही अजगर को देखने के लिए मौके पर लोगो का हुजूम लग गया। ग्रामीणों की सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रेसक्यू करते हुए अजगर को जंगल में छोड़ा। अजगर की लम्बाई लगभग 8-10 फीट बतलाई गई है।

## खनूजा कालोनी स्थित मकान से बाईक चोरी

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कोतवाली थाना अंतर्गत वार्ड 06 खनूजा कालोनी में गुरूवार की अलसुबह अज्ञात चोर ने मकान के बरामदे में खडी होंडा साईन मोटर सायकल चोरी कर ले भागा, पूरी घटना सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई । अज्ञात चोर सुबह लगभग 4 बजे मकान के पिछले रास्ते से होता हुआ मुख्य गेट से प्रवेश किया और मोटर सायकल लेकर उसी रास्ते से पैदल जाते दिखाई दे रहा है। आरोपी अपनी पहचान छुपाने के लिए मुंह में सफेद कपडा बांध रखा है। जानकारी के मुताबिक जिला पंचायत में पदस्थ कृष्णकांत दुबे खनूजा कालोनी में मृत्युंजय पाठक के मकान में किराये से रहते है। रात लगभग 9 बजे मोटर सायकल क्रमांक एम पी 51 एम सी 2366 बरामदे में लॉक करके खडा कर दिया था और अपने कमरे में सोने चले गये थे । गुरूवार सुबह लगभग 6 बजे उठकर देखे तो उनकी मोटर सायकल गायब थी। बरामदे में उनकी बाईक के अलावा अन्य किरायेदारो की लगभग आधा दर्जन मोटर सायकल खडी थी जिसमें से एक अन्य मोटर सायकल को भी ले जाने का प्रयास किया गया लेकिन सफल नही हुआ। और होंडा साईन मोटर सायकल को ले जाने में सफल हो गया। हालाकि पीडित ने कोतवाली में शिकायत दर्ज करा दी है ।



## चांड़ा में स्वास्थ्य शिविर के तैयारियों के संबंध में बैठक का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन में चांडा रेस्ट हाउस में आज स्वास्थ्य शिविर की फाइनल तैयारी के लिए समस्त अधिकारी बैठक में उपस्थित हुए। 26 मई को ग्राम चाड़ा में स्वास्थ्य कैंप आयोजित किया गया। जिसमें अरविंदो महाविद्यालय इंदौर की 45 सदस्यीय टीम लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएंगी। शिविर प्रचार प्रसार अधिक से अधिक किया जाए। जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान किया जा सके। साथ ही शासकीय कर्मचारियों को भी स्वास्थ्य समस्याएं होने पर कैंप के तहत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करायी जाएंगी। स्वास्थ्य कैंप का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिलना चाहिए। बैठक में 26 मई को आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविर के तैयारियों के बारे विस्तार से चर्चा की गई एवं तैयारियों के संबंध में समस्त अधिकारी कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उक्त बैठक में संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रमेश मरावी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### बिना केवाईसी नहीं मिलेगी 10 जून से गैस सिलेंडर एवं सब्सिडी,10 मई तक कराना होगा केवाईसी

**गाड़ासरई।** ग्रामीण अंचल में उज्जवला एवं सभी कनेक्शन धारी हितग्राही, गैस योजना का लाभ ले रहे हितग्राहियों की सब्सिडी बंद हो सकती। है। उपभोक्ताओं को 10 जून तक केवाईसी करना जरूरी होगा, अगर समय रहते केवाईसी नहीं कराई गई तो 10 जून के बाद उनका कनेक्शन ब्लॉक हो सकता है तो सब्सिडी भी नहीं मिलेगी। क्षेत्र के साहू गैस एजेंसी के प्रबंधक शुशील साहू ने बताया कि उज्जवला एवं सभी प्रकार गैस कनेक्शन के हितग्राहियों को 10 जून मई तक गैस कनेक्शन का केवाईसी कराना अनिवार्य है यदि समय पर केवाईसी नहीं कराया तो सब्सिडी का लाभ उन्हें नहीं मिल पाएगा। उन्होंने ने बताया कि भारत सरकार के केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देशानुसार उज्जवला सिलेंडर कनेक्शन के हितग्राही के साथ सभी कनेक्शन धारीयो, को, जिन्होंने अभी तक अपना केवाईसी नहीं कराया है, उन्हें 10 जून 2024 तक का समय गैस कंपनी की ओर से दिया गया है ऐसे हितग्राही जिन्होंने अभी तक अपने उज्ज्वल सिलेंडर कनेक्शन का केवाईसी नहीं हीं कराया हो, वह जल्द ही एजेंसी में आकर अपना केवाईसी करा लें। यदि निर्धारित समय पर केवाईसी नहीं कराई तो उनकी सब्सिडी 10 जून के बाद खाते में आना बंद हो जाएगी, अभी उज्जवला एवं सभी प्रकार के कनेक्शन धारी कनेक्शन में 300 रुपए और सामान्य सिलेंडर पर 05 रुपया सब्सिडी मिल रही है। यह आदेश भारत सरकार के केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय की ओर से पूर्व मैं भी जारी किया जा चुका है। केवाईसी करने की सूचना एजेंसी पर नोटिस भी लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा उज्जवला गैस योजना के हितग्राहियों की कराई जा रही केवाईसी से अब जिनके पास एक परिवार के नाम से डबल कनेक्शन धारी हैं ,वो ब्लॉक हो जाएंगे।

# मोबाईल टॉवर लगाने के नाम पर ठगी, आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** मोबाईल टॉवर के लिये किराये से जमीन की मांग वाले लुभावने विज्ञापनों के फेर में आकर एक महिला ने अपनी सारी जमा पूंजी एक अंजान के बैंक खाता में जमा कर दी और धोखाधड़ी का शिकार हो गई। हालांकि पुलिस ने पीड़ति महिला की शिकायत पर एक आरोपी को हरियाणा राज्य के झांझर जिले से गिरफ्तार करने में सफलता पा ली है। लेकिन आरोपी के कब्जे से पूरी रकम बरामद नहीं हो पाई है। गौरतलब है कि सायबर ठगी को अंजाम देने वाले बदमाश विज्ञापन, फोन सहित अन्य सोशल नेटवर्किंग के जरिये प्रलोभन देकर आम लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं।कभी मोबाइल टावर लगाने के नाम पर, कभी लॉटरी के नाम पर तो कभी लग्जरी वाहनों के ऑनलाइन बिक्री के नाम पर आमजन ठगी का शिकार हो रहे हैं, कुछ ऐसा ही मामला डिंडौरी नगर में सामने आया है, जहाँ ठगों ने एक महिला को जियो टावर लगाने के नाम पर लाखों रुपए ठग लिए। फरियादिया द्वारा कोतवाली थाना एवं पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन देकर उसके साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत गई थी। जिस पर श्रीमती वाहनी सिंह पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल थाना स्तर पर टीम गठित कर थाना कोतवाली डिण्डौरी के उप निरीक्षक अनुराग जामदार को गंभीरता से उक्त प्रकरण में कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर थाना कोतवाली डिण्डौरी में अपराध क्रं 439, 2024 धारा 420,34 ताहि का कायम करते हुए विवेचना शुरू की गई, तथा सायबर सेल की मदद से प्राप्त मोबाइल नबंर के उपयोगकर्ता को दस्तयाब करने हेतु गठित टीम को मोबाइल लोकेशन के आधार पर जिला झज्जर (हरियाणा) रवाना किया गया था, आरोपी को थाना कोतवाली पुलिस डिण्डोरी ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी शातिर ठगी करने वाला अभियुक्त रविन्द्र दलाल पिता धर्मवीर जाति जाट उम्र 29 वर्ष निवासी अशोदा सीवान तहसील बहादुरगढ़ जिला झज्जर (हरियाणा) है जो मोबाइल टावर लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करता था, समाचार पत्रों में अपना फर्जी विज्ञापन डाल कर वह बताता था



कि यदि कोई भी व्यक्ति अपनी जमीन पर जिओ कंपनी का 5 जी मोबाइल टावर लगवाता है तो उसे 70 लाख एडवांस और 50,000 रुपये हर महीने दिये जाएंगे। टावर के रखरखाव के लिए 02 व्यक्ति को नौकरी दी जाएगी। ऐसा विज्ञापन देखकर महिला भी विज्ञापन में दिये गये मोबाईल नम्बर में संपर्क स्थापित किया जिसक बाद आरोपी ने उससे प्रोसेसिंग गाडी का किराया टावर लगने वाले समान की फीस बोलकर 07 लाख 69 हजार रुपये किस्तों में अलग अलग बैंक खातों में जमा कराकर ठगी की थी। पुलिस ने मामले में आरोपी को 22 मई को दिल्ली के आगे हरियाणा राज्य के बहादुरगढ़ एरिया में दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयोग 04 मोबाइल फोन, 07 सिम 01 स्मार्ट वाच 3 एटीएम कार्ड व 50000 रुपए नगद बरामद किए गए तथा आरोपी के ऐयू स्मार्ट बैंक में जमा राशि पर होल्ड लगाया गया है एवं आरोपी से पूछतांछ कर अन्य ठगी के मामले की जानकारी प्राप्त की जा रही है। आरोपी की पतासाजी में टीम में उप निरीक्षक अनुराग जामदार, के एन सिंह, सहायक उप निरीक्षक शेख सिराज, सहायक उप निरीक्षक अखिलेश श्रीवास, आरक्षक विनोद माहोर सायबर सेल मुकेश प्रधान का योगदान रहा ।

## खबर संक्षेप

### 9 वीं से 12 वीं तक के अभ्यर्थी कर सकते हैं आवेदन

**नरसिंहपुर।** शासकीय आवासीय खेलकूद विद्यालय सीहोर में शिक्षा सत्र 2024- 25 में कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश ऑनलाइन आवेदन 31 मई तक कर सकते हैं। अभ्यर्थी अपना आवेदन लिंक के माध्यम से कर सकते हैं। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी शासकीय अशासकीय उमावि हाई स्कूल के प्राचार्यों से कहा है कि वे दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही कर अपने अधीनस्थ संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के बीच अधिकाधिक प्रचार- प्रसार करें। दी गई लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कराना सुनिश्चित करें।

### लू-तापघात से बचाव संबंधी जानकारी

**नरसिंहपुर।** स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों को लू- तापघात से बचाव के लिए समसमायिक सलाह दी है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर व उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, सिर में भारीपन एवं दर्द का अनुभव होना, अधिक प्यास लगना व पेशाब कम आना, भूख कम लगना और बेहोश होना लू- तापघात के लक्षण है। इनके बचाव के लिए बहुत अनिवार्य हो तो घर से बाहर जाये, धूप में निकलने से पहले सिर एवं कानों को कपड़े से अच्छी तरह से ढक लें, पानी अधिक मात्रा में पिये, अधिक समय में धूप में न रहे, बच्चे, बुजुर्ग एवं बीमार व्यक्ति घर से कम निकले विशेषकर दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 4 बजे के मध्य घर से बाहर न जाये, गर्मी के दौरान नरम, मुलायम, सूती हल्के ढीले-ढाले वस्त्र पहनें, धूप में चश्मा, छाता, टोपी एवं जूता पहनकर ही घर से बाहर निकले, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस का घोल, लस्सी, मट्ठा एवं फलों का रसों का सेवन करें, गरिष्ठ एवं मसालेदार भोजन से बचें, यात्रा के समय पानी की बोतल, ओआरएस का पैकिट साथ में रखे। लू- तापघात के लक्षण दिखने पर हितग्राही को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार के लिये लावें। लू- तापघात से कृषक, वाहन चालक, यात्री, छात्र, खिलाड़ी या धूप में ज्यादा मेहनत व भ्रमण करने वाले व्यक्ति, मजदूर वर्ग, हाथ ठेले पर सब्जी बेचने वाले, पर्यटक, यातायात पुलिस आदि जनमानस पर अधिक प्रभाव पड़ सकता है।

### मछुआ समिति समूह मत्स्य उत्पादकता में वृद्वि दिये जाने हेतु लाभ अर्जन करें

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता मे कार्यालय कलेक्ट्रेट सभागार में मछली विभाग एवं सहकारिता विभाग की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक मे बताया गया कि जिले में पंजीकृत मछुआ सहकारी समितिया संख्या 18 है। इस अवसर पर कलेक्टर ने राधे राधे महिला स्वसहायता समूह बड़ेरी की समीक्षा की।

# 50 हजार की रिश्वत लेते हुये रेंजर व डिप्टी रेंजर पकड़ाये

## लकड़ी से भरे ट्रक के प्रकरण में धारा कम करने मांगे थे रूपए

जिले मे लगातार भ्रष्टाचार पढ़ रहा है। जिसके चलते भ्रष्टाचार्यों के हौसले बुलंद है लेकिन शिकायत के बाद मध्य प्रदेश में रिश्वतखोरों के खिलाफ लोकायुक्त द्वारा भ्रष्टाचार्यों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है।

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।**







इसी कड़ी में विगत दिवस दिन गुरुवार को जबलपुर लोकायुक्त टीम ने गोटेगांव वन विभाग कार्यालय में 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रेंजर और डिप्टी रेंजर को रंगे पकड़ा है। दोनों आरोपी ने टिम्बर मर्चेंट के खिलाफ प्रकरण को धारा कम करने के लिए घूस मांगी थी। वहीं आवेदक की शिकायत के बाद लोकायुक्त की टीम ने कार्यवाही करते हुए रेंजर एवं डिप्टी रेंजर को रंगे हाथों और कार्यवाही के लिए गोटेगांव के स्थानीय रेस्ट हाउस ले आए जहां कार्यवाही की गई

### मामला इस प्रकार

जानकारी के अनुसार, आवेदक टिम्बर मर्चेंट (लकड़ी व्यापारी) योगेंद्र सिंह पटेल ने वन विभाग से लकड़ी कटवाने की लिखित अनुमति ली थी। 18 मई को शाम 7 बजे ग्राम सगड़ा गोटेगांव में किसान के खेत से सतकटा की लकड़ी कटवा कर हाइड्रा वाहन से ट्रक में भरवाया जा रहा था। ट्रक में लकड़ी लोड होने के बाद टीपी लिया जाना था। इस दौरान रेंजर दिनेश मालवीय एवं डिप्टी रेंजर कमलेश चैहान ने अपने स्टाफ के साथ मौके पर आकर हाइड्रा वाहन एवं लकड़ी भरे ट्रक को जब्त कर लिया। इसके बाद वाहनों को श्याम नगर फॉरेस्ट चैकी गोटेगांव में रखा है। जानकारी के मुताबिक आवेदक द्वारा रेंजर दिनेश मालवीय एवं डिप्टी रेंजर कमलेश चैहान से वाहनों और लकड़ी को छोड़ने का निवेदन किया तो उन दोनों के द्वारा छोटा प्रकरण बनाने एवं कम जुर्माना लगाने के एवज में 50,000 रुपए रिश्वत की मांग की गई। जिसकी शिकायत लोकायुक्त कार्यालय जबलपुर में की गई।

### वन परिक्षेत्र कार्यालय में की गई कार्रवाई

आवेदक की शिकायत का सत्यापन कराए जाने के पश्चात गुरुवार को योजना के अनुसार दोनों को वन परिक्षेत्र कार्यालय गोटेगांव में 50 हजार की रिश्वत राशि देने के लिए आवेदक टिम्बर मर्चेंट को भेजा गया। जैसे ही दोनों ने रिश्वत की राशि ली वैसे ही जबलपुर लोकायुक्त टीम ने मौके पर दोनों को रंगे हाथों दबोच लिया। टीम में उप पुलिस अधीक्षक दिलीप झरवड़े, इंस्पेक्टर कमल सिंह उईके, इंस्पेक्टर नरेश बेहरा, इंस्पेक्टर भूपेन्द्र कुमार दीवान एवं 8 अन्य सदस्य शामिल थे। आरोपियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### अपराधी एवं आवेदक का विवरण

आरोपीगण दिनेश मालवीय पिता पूनम चंद मालवीय उम्र 43 वर्ष, वन क्षेत्रपाल गोटेगांव कार्यालय वन परिक्षेत्र कार्यालय गोटेगांव वही दूसरा कमलेश कुमार चैहान पिता स्वर्गीय राम गोपाल सिंह चैहान, सहायक वन क्षेत्रपाल कार्यालय वन परिक्षेत्र क्षेत्र कार्यालय गोटेगांव में पदस्थ था। जिन दौनो की शिकायत आवेदक योगेंद्र सिंह पटेल पिता डब्बू लाल पटेल उम्र उम्र 43 वर्ष व्यवसायी टिंबर मर्चेंट निवासी गया दत्त वार्ड स्टेशनगंज नरसिंहपुर का है जिसने 50,000 रुपए की घूस देने वाले अधिकारी की शिकायत की थी पूरा घटनाक्रम वन परिक्षेत्र कार्यालय का है। उक्त कार्रवाई में लोकायुक्त जबलपुर टीम के उप पुलिस अधीक्षक दिलीप झरवड़े, इंस्पेक्टर कमल सिंह उईके , इंस्पेक्टर नरेश बेहरा, इंस्पेक्टर भूपेन्द्र कुमार दीवान एवं 8 अन्य सदस्य मौजूद रहे। आरोपीगणों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।

### इनका कहना है

कुछ समय पहले गोटेगांव वन विभाग में पदस्थ रेंजर एवं डिप्टी रेंजर की अनावेदक द्वारा शिकायत की गई थी जिस पर कार्यवाही करते हुए आज दिनेश मालवीय और कमलेश चैहान को 50000 नगद राशि की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है जिन पर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

**दिलीप कुमार, लोकायुक्त डीएसपी**



# कलेक्टर ने ली सहकारी बैंक की बैठक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

विगत दिवस कलेक्टर ने सहकारी बैंक शाखा प्रबंधकों की बैठक में ऋण, वितरण एवं वसूली की समीक्षा की। विशेषकर कालातीत ऋणों की वसूली के लिए प्रभावी अभियान छेड़ने को कहा, इसके लिये क्रिस योजना के तहत तहसीलदारों से संपर्क कर वसूली की कार्रवाही कराने के निर्देश उन्होने दिये। अमानत संग्रहण कर मार्च की तुलना में कमी आने पर अप्रसन्नता जताई और अगामी जून तक कमी पूर्ति को कहा। समीक्षा बैठक से शासन के महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट पैक्स कम्प्युटराईजेशन पर चर्चा करते हुये शाखा, समितिवार किये गये अवतक के कार्यो की जानकारी ली और प्रत्येक तीन दिवस में प्रगति से अवगत कराने का निर्देश दिया। डेटा फीडिंग में गति लाकर 10 जून तक समितियों को गो-लाईव स्टेज पर लावे जिससे किसानों को समिति कार्य व्यवहार में और भी अधिक पारदर्शता मिल सकें। जिले में पदस्थ समिति प्रभारियों की पदस्थि समयावधि और उनके द्वारा किये जा रहे ऋण, वितरण एवं वसूली, कालातीत ऋणों के प्रकरणों सहित पैक्स कम्प्युटराईजेशन में अवतक किये गये कार्यो का तुलनात्मक व्यौरा प्रदान करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्रीमति शीतला पटले ने खाद भंडारण वितरण और अन्य विषयों की समीक्षा की। इसे पूर्व महाप्रबंधक डी. के. राय ने विषयांकित आंकडों पर प्रकाश डाला तथा आगामी खरीफ सीजन में ऋण वितरण एवं वसूली के लक्ष्यों से अवगत कराया। बैठक में बैंक मुख्यालय से मनोहर हिंगने, जे.पी. नेमा, रामकिशन पटेल, हेमंत सेन, सौरभ शर्मा सहित जिले की विभिन्न शाखाओं से आये शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

# एनएसयूआई द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए मप्र सीबीआई का फूंका पुतला

**नरसिंहपुर।**



गुरूवार को मध्यप्रदेश एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चैकसे के आव्हान पर प्रदेश मे हुए नर्सिंग घोटाले की जांच कर रही एजेंसी मध्यप्रदेश सीबीआई जो लगातार संदेह के घेरे में है उसके अधिकारी एक के बाद एक रिश्वत लेते गिरफ्तार हो रहे हैं। इसे लेकर जिला एनएसयूआई के द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला फूंककर ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि पूरे मध्य प्रदेश में ब्लैकलिस्टेड किए गए नर्सिंग कॉलेज जिन्हें मध्यप्रदेश सीबीआई के इन्ही भ्रस्ट अधिकारियों की सह पर क्लीन चिट दे दी गई है उनकी पुनः जांच दिल्ली सीबीआई द्वारा करवाई जाए क्योंकि यह सभी अधिकारी जो जांच के दौरान रिश्वत लेते पकड़े गए हैं इन्हीं के द्वारा ही ब्लैकलिस्टेड कॉलेज को क्लीन चिट देने मे मदद की गई थी इसलिए संपूर्ण मध्य प्रदेश के सभी नर्सिंग कॉलेज जो ब्लैकलिस्ट किये गए उनकी जांच पुन सीबीआई द्वारा कराई जाएसीबीआई द्वारा कराई । उक्त मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष अमित राय, नीलू राय , चंद्रप्रकाश यादव , सुनील श्रीवास्तव , गुड्डा सोनी , मिकी राय , अजय दुबे , मप्र एनएसयूआई सोशल मीडिया के चेयरमैन अंकुर बटरी , पूर्व जिला अध्यक्ष एनएसयूआई विवेक पटेल , मिलिंद साहू , अमित श्रीवास्तव, जितेंद्र लोधी , प्रियंक कहार, अनूप शुक्ला, सारांश यादव , सोहन जाट, अरबाज खान गोल्डी खान अभिषेक गुप्ता, अंकित पटेल, समीर खान, अमित श्रीवास्तव, आयुष गोस्वामी, हर्षवर्धन विश्वकर्मा के एसआई की कई पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# किसान संघ ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज - करेली।**



भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत तहसील करेली जिला नरसिंहपुर द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान 200 छात्र-छात्राओं का सम्मान राजमहल गार्डन करेली में किया गया जिसमें पांचवी कक्षा के 90 एवं आठवीं कक्षा के 91ः एवं 10वीं 12वीं में पहला एवं दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान आयोजन समिति ने किया इस कार्यक्रम में करेली विकासखंड के समस्त स्कूलों को सम्मिलित किया गया इस कार्यक्रम में समस्त स्कूलों मैं पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के माता-पिता किसान संघ के अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारी सदस्य उपस्थित थे कार्यक्रम के उपरांत सभी ने स्वल्पाहार किया गया किया। भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत गैर राजनीतिक संगठन है पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशियां झलक उठी।

# प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश के द्वारा किया गया जिला जेल का निरीक्षण



**उमरिया।** जेल अधीक्षक डी. के. सारस ने बताया कि 23 मई को प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश महेन्द्र सिंह तोमर द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिला जेल उमरिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया के सचिव जितेन्द्र कुमार बाजौलिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी अमित शर्मा, जेल अधीक्षक डी.के. सारस, चिकित्सक शैलेष कुमार जैन, उप जेल अधीक्षक, जेलर माखन सिंह मार्को एवं जेल के ड्यूटीरत समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। जेल के प्रत्येक पुरूष बैरक एवं महिला बैरक का निरीक्षण किया गया। प्रत्येक विचाराधीन तथा दण्डित बंदी से उनके प्रकरण में अधिवक्ता की नियुक्ति होने के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी। जेल परिसर मे पाकशाला, मेडिकल कक्ष, वीडियो कॉन्फसिंग रूम, मुलाकात कक्ष, शौचालय आदि का निरीक्षण किया गया। न्यायाधीश के द्वारा जेल मे बंदियो के सुधार के लिये संचालित स्वरोजगार प्रशिक्षण जिसमे हिन्दी कम्प्यूटर टाइपिंग, सिलाई, संगीत प्रशिक्षण, भोजन प्रबंध, आदि का अवलोकन किया गया।

# 1038 स्थानों पर हुआ गायत्री महायज्ञ





**तेंदूखेड़ा**

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में देव संस्कृति के निर्माता यज्ञ पिता गायत्री माता और समर्थ एवं शक्तिशाली राष्ट्र बनाये जाने की कल्पना को साकार करते हुए संपूर्ण विश्व में लाखों घरों में एक ही दिन एक ही समय में विगत 23 मई बुद्ध पूर्णिमा के दिन तेंदूखेड़ा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 1038 घरों मे पूर्व निर्धारित समय के अनुसार गायत्री महायज्ञ गायत्री परिवार के वैदिक रीति नीति के साथ संपन्न हुआ। जिसमें गायत्री परिजनों ने अपने अपने घरों एवं सार्वजनिक स्थलों मंदिरों मे यह आयोजन संपन्न कराये। चूंकि इस महाआयोजन के जहां आध्यात्मिक कारण भी है, वहीं वातावरण के परिशोधन पर्यावरण सुरक्षा देव परिवार निर्माण वैचारिक उत्कृष्टता संस्कारों की पुर्नस्थापना आत्मशक्ति के अभ्युदय समर्थ राष्ट्र निर्माण बुद्धि के विकास सुख शांति लाने सहित विभिन्न प्रकार के वायरसों से मुक्ति पाने और यज्ञ साधना से इम्युनिटी बढ़ाने को लेकर एक साथ सभी लोगों के सहयोग से यह आयोजन संपन्न हुये। क्षेत्रीय गायत्री प्रज्ञा मंडलों की टोलियों ने पंहुचकर इस आयोजन को सफल बनाने मे अपनी महती भूमिका निभाई।

## नर्मदा में स्नान करने गये श्रद्धालु हुए परेशान

# फिर हुआ आस्था के साथ खिलवाड़

**तेंदूखेड़ा**

बौद्ध पूर्णिमा पर तेंदूखेड़ा क्षेत्र के पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तटों पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ भाड़ रही लेकिन पूर्व से ही समाचार पत्रों के माध्यम से प्रशासन को सचेत करने के बाबजूद भी श्रद्धालुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ किया गया।





तेंदूखेड़ा और गाडरवारा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट ककरा घाट पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में परेशान देखे गए। आवागमन को लेकर घंटों जाम लगे रहने के कारण लोग परेशान देखे गए तो यात्रियों को घाट पर पहुंचने घंटों इंतजार करना पड़ा।मार्ग पर भारी वाहनों डम्फरों की भी आवाजाही बनी रही। छोटे छोटे बाहन तो अपनी अपनी सुरक्षा के साथ आवागमन करते देखे गए लेकिन भारी बाहनों डम्फरों की अवाध गति पर मनमानी देखी गई। गौरतलब रहे कि तेंदूखेड़ा क्षेत्र के लगभग अधिकांशतः घाटों पर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्रत्येक अमावस्या पूर्णिमा तथा पर्व विशेष पर नर्मदा घाटों पर स्नान करने वालों की भीड़ भाड़ बनीं रहती है सुरक्षा की दृष्टि से ना तो यहां पर महिलाओं को कपड़े चेंज करने कोई व्यवस्था है और ना ही आवागमन बाहन पार्किंग की व्यवस्था रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था तक नहीं हो पाती है। बरसात के दिनों में श्रद्धालुओं को पानी में बचने हेतु छाया तक की कोई उचित व्यवस्था नहीं है । यहां तक की घाटों पर लगने वाली दुकानों को भी व्यवस्थित तरीके से तक नहीं लगाया जाता है जिससे श्रद्धालुओं को और ज्यादा हैरानी हुआ करती है।